# अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम 2011 द्वारा स्थापित राज्य विश्वविद्यालय)
ग्राम–मुगालिया कोट, (सूखी सेवनिया) विदिशा रोड, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष : 0755-2558606 , वेब स्थल : www.abvhv.edu.in


क्रमांक/भण्डार-1/2023-24/1899 भोपाल, दिनांक: 17/07/2023

## अंकसूची एवं उपाधि के प्रारूप मुद्रित कर प्रदाय हेतु निविदा

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा 7000 अंकसूची एवं 6000 उपाधि के प्रारूप मुद्रित कर प्रदाय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। मुद्रित की जाने वाली अंकसूची एवं उपाधि की संख्या को आवश्यकता अनुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है। निविदा-प्रपत्र, शर्तें विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट : www.abhv.edu.in पर देखी जा सकती है एवं एम पी टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से डाउनलोड की जा सकती हैं।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000/- (अक्षरी एक हजार मात्र) तथा निविदा प्रतिभूति की राशि रूपये 10,000/- (अक्षरी रूपये दस हजार मात्र) है जिसे एम पी टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाना है। निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 5,00,000/- (अक्षरी रूपये पांच लाख मात्र) है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाइट : एम पी टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर दी जावेगी।

**निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है:-**

| स.क्र. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रकाशन की तिथि | 17/07/2023 |
| 2. | निविदा वेबसाइट से डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि | 17/07/2023 |
| 3 | निविदा ऑनलाईन जमा करने की प्रारंभिक तिथि :- | 17/07/2023 |
| 4 | निविदा ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि :- | 07/08/2023 सायं 4:00 बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि समय एवं स्थान | 08/08/2023 समय अपरान्ह 4.00 बजे कुलसचिव सभागार कक्ष |

यदि किसी कारणवश निविदा निर्धारित दिनांक को नहीं खोली जा सकी तो निर्धारित स्थान एवं समय पर अगले कार्यदिवस को खोली जावेगी।

# भाग–1 निविदा आवेदन एवं प्रकिया संबंधी जानकारी

(1.अ) निविदा प्रपत्र एम पी टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से डाउनलोड करें।

(1.ब) यह निविदा अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के उपयोग में आने वाली 7000 अंकसूची एवं 6000 उपाधि के प्रारूप मुद्रित कर प्रदाय के लिए आमंत्रित की जा रही है। मुद्रित की जाने वाली अंकसूची एवं उपाधि की संख्या को आवश्यकता अनुसार घटाया/बढ़ाया जा सकता है।

(1.स) निविदा में किसी प्रकार संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाइट : एम पी टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 5,00,000 (अक्षरी रूपये पांच लाख मात्र) है।

(1.द) **निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है:-**

| स.क. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | **निविदा प्रकाशन की तिथि** | 17/07/2023 |
| 2. | **निविदा वेबसाइट से डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि** | 17/07/2023 |
| 3 | **निविदा ऑनलाईन जमा करने की प्रारंभिक तिथि :-** | 17/07/2023 |
| 4 | **निविदा ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि :-** | 0[illegible]/08/2023 सायं 4:00 बजे तक । |
| 4. | **निविदा खोलने की तिथि समय एवं स्थान** | 08/08/2023 समय अपरान्ह 4.00 बजे कुलसचिव सभागार कक्ष |

यदि किसी कारणवश निविदा निर्धारित दिनांक को नहीं खोली जा सकी तो निर्धारित स्थान एवं समय पर अगले कार्यदिवस को खोली जावेगी।

**(1.क) प्रक्रिया–1** :- निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000/- (अक्षरी एक हजार मात्र) तथा निविदा प्रतिभूति की राशि रूपये 10,000/- (अक्षरी रूपये दस हजार मात्र) है जिसे एम पी टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाना है।, उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रतिभूति राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को आगामी प्रक्रिया के लिए योग्य माना जावेगा।

(1.ख) **प्रक्रिया-2** :- तत्पश्चात् उपरोक्त प्रक्रिया-1 में योग्य पायी जाने वाली फर्म की ही तकनीकी निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा में दर्शित दस्तावेज फर्म/संस्थान की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज संलग्न किये जाने हैं।

(1.ग) **प्रक्रिया-3** :- तत्पश्चात् उपरोक्त प्रक्रिया-2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों/संस्थानों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।

## भाग-2 निविदा की अर्हकारी शर्तें

(2.अ) **अनुभव** :- फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2020 - 21, 2021- 22, 2022-23) में न्यूनतम एक विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थाओं में अंकसूची एवं उपाधि प्रदाय का कार्य किया गया हो, संबंधित संस्था का कार्यादेश प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।

(2.ब) **टर्नओवर** :- फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2020 - 21, 2021- 22, 2022-23) में न्यूनतम रूपये 20,00,000 (बीस लाख) वार्षिक टर्नओवर का होना आवश्यक है। फर्म के टर्नओवर की सी.ए. से प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करें।

(2.स) **बैलेंस शीट** :- निविदा के साथ पिछले तीन वित्तीय वर्षों ( 2020 - 21, 2021- 22, 2022-23) की बैलेंस शीट तथा अंकेक्षित लेखा संलग्न करें

(2.द) **आयकर** :- विगत तीन असेसमेंट वर्ष 2020-21,2021-22,2022-23 का आयकर रिटर्न (इनकम टैक्ट) की प्रति प्रस्तुत करें।

(2.क) **ब्लैक लिस्ट** :- निविदा में भाग लेने वाली फर्म/संस्थान किसी भी शासकीय/ अशासकीय/ अर्द्ध शासकीय कार्यालय से कभी भी ब्लैकलिस्ट नहीं होना चाहिए। इस बाबत् निविदाकर्ता फर्म/संस्थान को मूल शपथ-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जो रूपये 500/- (अक्षरी पांच सौ रूपये मात्र) के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा नोटराइज्ड होना चाहिए।

(2.ख) **प्रमाण-पत्र** :- निविदा के साथ फर्म/संस्थान के निम्नांकित प्रमाण-पत्र संलग्न करें-

1. जीएसटी नंबर की प्रति,
2. आयकर (पेन) नंबर की प्रति,
3. फर्म/संस्थान के वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र की प्रति।

(2.ग) **निर्धारित प्रपत्र :-** निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं है।

(2.घ) **नमूना (सेम्पल) :-** निविदाकर्ता को निविदा के साथ उपयोग किये जाने वाले कागज पर एक पृष्ठ संलग्न करना अनिवार्य है।

(2.ङ.) निविदाकर्ता फर्म के पास आईएसओ 27001 : 2013 प्रमाण-पत्र होना चाहिए प्रमाण - पत्र की प्रति संलग्न करें।

(2.च) निविदाकर्ता फर्म के पास वेब ऑफसेट मशीन होना चाहिए। वेब ऑफसेट मशीन क्रय के बिल की प्रति संलग्न करें।

## भाग-3 निविदा की अन्य शर्तें

(3.अ) **निविदाएं निरस्त :-** (क) निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

(ख) विश्वविद्यालय द्वारा चाही गयी निविदा प्रतिभूति एवं अन्य आवश्यक विवरण/ जानकारी के अभाव में प्राप्त निविदाएं निरस्त मानी जावेगी।

(3.ब) **अनुबंध :-** कार्यादेश के पूर्व सफल निविदाकर्ता को अनुमानित निविदा की 10 प्रतिशत राशि की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) एफ.डी.आर., कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, मुगालिया कोट सूखी सेवनिया, विदिशा रोड, भोपाल के पक्ष में देय हो, अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। साथ ही एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करन होगा। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) को राजसात कर उसका नकदीकरण किया जा सकेगा।

(3.स) **निविदाकर्ता फर्म की जिम्मेदारी :-** अंकसूची एवं उपाधि का प्रारूप मुद्रित कर प्रदाय विश्वविद्यालय द्वारा स्पेसिफिकेशन के अनुसार कार्य पूर्ण कर प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर निविदाकर्ता फर्म को उनके व्यय पर वापस की जाएगी। अंकसूची एवं उपाधि का प्रारूप के कागज का तकनीकी मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा सफल निविदाकर्ता फर्म के व्यय पर करवाया जाएगा एवं प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर फर्म को भुगतान किया जाएगा। अंकसूची एवं उपाधि मुद्रण में लगने वाले कागज एवं

अन्य सामग्रियों की व्यवस्था निविदाकर्ता फर्म/संस्थान द्वारा की जावेगी। अंकसूची एवं उपाधि प्रदाय की एफ.ओ.आर. (F.O.R.) अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल पर होगी।

(3.द) **विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी** :- अंकसूची एवं उपाधि पर मुद्रित होने वाला विवरण (मैटर) विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा।

(3.क) **वित्त संबंधी** :-

1. दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दरों सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र ए-2 में देवें।

2. आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किये गये देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी.डी.एस. की कटौती की जावेगी।

**3. दण्ड अधिरोपण** :- कार्य संतोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकार कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

**4. सामग्री में त्रुटि** :-

1. 01 माइक्रोन की कमी तक बिल की राशि का 3% की कटौती की जावेगी।
2. 02 माइक्रोन की कमी तक बिल की राशि का 6% की कटौती की जावेगी।
3. 03 माइक्रोन की कमी तक बिल की राशि का 9% की कटौती की जावेगी।

इससे अधिक माइक्रोन की कमी पर इसी अनुपात में कटौती की जावेगी।

**5. विलम्ब** :- विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए आदेश की तिथि के 10 दिवस के अंदर निविदा में सफल फर्म को मुद्रित अंकसूची एवं उपाधि प्रदाय का कार्य संपादित करना होगा। यदि अंकसूची एवं उपाधि प्रदाय का कार्य समय-सीमा में पूर्ण नहीं किया जाता है तो निम्नानुसार प्रस्तुत बिल से कटौती की जावेगी :-

1. 07 दिवस विलम्ब पर बिल की 5% राशि की कटौती की जावेगी।
2. 08 से 15 दिवस विलम्ब पर बिल की 10% राशि की कटौती की जावेगी।
3. 15 दिवस से अधिक विलम्ब पर बिल की 15% राशि की कटौती की जावेगी।

**6. निविदा निष्पादित करने में असफल होना :-** यदि एक बार सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा अंकसूची एवं उपाधि प्रदाय का कार्यादेश दिया है एवं संबंधित निविदाकर्ता अपने निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई निष्पादन प्रतिभूति (Performance Gurantee) राशि विश्वविद्यालय द्वारा कर ली जावेगी।

**7. निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर:-** निविदाकर्ता एजेंसी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदाकर्ता एजेंसी के विरुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी तथा उसके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि की राशि राजसात कर ली जावेगी।

**8. अन्य शर्तों का पालन न करना:-** उक्त बिंदुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तों का पालन न करने पर कटौती का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

**9. निविदा मान्य नहीं होने पर:-**जिन फर्मों की निविदा मान्य नहीं होगी। उनकी निविदा सुरक्षानिधि राशि (ई.एम.डी.) नियमानुसार लौटा दी जावेगी। स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई सुरक्षानिधि राशि (ई.एम.डी.) पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

**10. निविदा दर समान होने पर :-** निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2020-21, 2021-22, 2022-23) में जिस फर्म/संस्थान का औसत टर्नओवर अधिक होगा। विश्वविद्यालय द्वारा उस फर्म का चयन किया जावेगा। इस संबंध में किसी का दावा, आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**11. कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल के विशेषाधिकार**

**(अ)** निविदा प्रकिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थिति होने पर कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

**(ब)** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी स्तर पर स्वीकृत/ अस्वीकृत /निरस्त करने के सभी अधिकार सुरक्षित है।

(स) निविदाकर्ता तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।

(द) निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

(क) न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार, भोपाल न्यायालय होगा।

## भाग-4 अंकसूची एवं उपाधि मुद्रण हेतु स्पेसिफिकेशन

(4.अ) **(अ) अंकसूची मुद्रण हेतु निर्धारित स्पेसिफिकेशन :-**

1. अंकसूची मुद्रण में प्रयुक्त कागज कागज 200 माइक्रोन प्लास्टिक कोटेड शीट नॉन टियरेबल होना चाहिए। अंकसूची के कागज का कलर सफेद होना चाहिए।
2. कागज पर सेक्यूरिटी प्रिंटिंग के साथ विश्वविद्यालय का मोनो, होलोग्राफिक्स/बैकग्राउण्ड मोनोग्राम के साथ बैक साइड सिंगल कलर प्रिंटिंग।
3. अंकसूची पर क्यू.आर.कोड/बार कोड अंकित होगा।
4. एंटी कॉपी फीचर होना चाहिए।
5. माइक्रो लाइन एन्कोडिंग होना चाहिए।
6. वाटर मार्किंग लोगो होना चाहिए।
7. उपरोक्त में से सुरक्षा मापदण्ड सफल निविदाकर्ता को गोपनीयता के उद्देश्य से अनुबंध के समय बताए जाएंगे।

**(ब) उपाधि मुद्रण हेतु निर्धारित स्पेसिफिकेशन :-**

1. उपाधि मुद्रण में प्रयुक्त कागज कागज 200 माइक्रोन प्लास्टिक कोटेड शीट नॉन टियरेबल होना चाहिए।
2. कागज पर सेक्यूरिटी प्रिंटिंग के साथ विश्वविद्यालय का मोनो, होलोग्राफिक्स/बैकग्राउण्ड मोनोग्राम के साथ बैक साइड सिंगल कलर प्रिंटिंग।
3. उपाधि पर क्यू.आर.कोड/बार कोड अंकित होगा।
4. एंटी कॉपी फीचर होना चाहिए।
5. माइक्रो लाइन एन्कोडिंग होना चाहिए।
6. वाटर मार्किंग लोगो होना चाहिए।
7. उपरोक्त में से सुरक्षा मापदण्ड सफल निविदाकर्ता को गोपनीयता के उद्देश्य से अनुबंध के समय बताए जाएंगे।

.ग-5 निम्नानुसार सभी दस्तावेजों को ऑन लाईन ही जमा करना है। कोई भी भौतिक निविदा दिये जाने पर निविदा मान्य नहीं की जावेगी ।

| स. क. | विवरण | दस्तावेज संलग्न है हां/नहीं | दस्तावेज का पृष्ठ कमांक |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1000/-(अक्षरी एक हजार रूपये मात्र) जमा की रसीद | | |
| 2. | निविदा सुरक्षा निधि राशि रूपये 10,000/-(अक्षरी दस हजार रूपये मात्र) जमा की रसीद | | |
| 3. | **अनुभव** :- फर्म/संस्थान द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2020-21, 2021-22, 2022-23) में विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थाओं में अंकसूची एवं उपाधि प्रदाय का कार्य किया हो। संबंधित संस्था का कायदिश/प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। | | |
| 4. | **टर्नओवर** :- फर्म/संस्थान द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2020-21, 2021-22, 2022-23) को टर्न ओवर की चार्टेड एकउण्टेन्ट से प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करें। | | |
| 5. | **बैलेंसशीट** :- फर्म/संस्थान द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2020-21, 2021-22, 2022-23) की बैलेंसशीट तथा अंकेक्षित लेखा प्रस्तुत करें। | | |
| 6. | **आयकर (इनकम टैक्स)** :- विगत तीन असेसमेंट वर्ष (2020-21, 2021-22, 2022-23) का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करें। | | |
| 7. | **ब्लैक लिस्ट** :- निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लैक लिस्ट नहीं होना चाहिए। इस बाबत् निविदाकर्ता फर्म/संस्थान को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रूपये 500/- (अक्षरी पांच सौ रूपये मात्र) के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा नोटराइज्ड कर विधिवत प्रस्तुत किया जाए। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है। | | |
| 8. | जी.एस.टी. (GST) नंबर की प्रति प्रस्तुत करें। | | |
| 9. | आयकर (PAN) नंबर की प्रति प्रस्तुत करें। | | |
| 10. | संस्थान/फर्म/कंपनी का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें। | | |
| 11. | निविदाकर्ता फर्म के पास आईएसओ 27001:2013 अथवा अद्यतन प्रमाण-पत्र की छायाप्रति संलग्न करें। | | |
| 12. | निविदा प्रपत्र ए-2 | | |
| 13. | निविदाकर्ता फर्म के पास वेब ऑफसेट मशीन होना चाहिए। वेब ऑफसेट मशीन के बिल की प्रति संलग्न करें। | | |

# शपथ पत्र रूपये 500 के स्टॉम्प पेपर पर

मैं..........................................................................द्वारा ..............................................................

प्रोपराइटर मेसर्स ..........................................................................................................................

(1) यह कि फर्म/संस्थान को किसी भी शासकीय/अशासकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी संस्था/उपक्रम से कभी भी ब्लेकलिस्टेड नहीं किया गया है।

(2) यह कि फर्म/संस्थान को निविदा में दिए गए अंकसूची एवं उपाधि प्रदाय संबंधी कार्य में किसी भी कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

(3) यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(4) यह कि फर्म/संस्थान द्वारा प्रस्तुत समस्त जानकारियों एवं प्रपत्र सत्य एवं सही है यदि निविदा में प्रस्तुत जानकारी एवं प्रपत्रों में अथवा शपथ पत्र में दी गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जब्त करने का अधिकार अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

**शपथग्रहिता**

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूं कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथपत्र के बिंदु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य है।

**शपथग्रहिता**

# प्रपत्र ए-1

## (निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव,
अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय,
भोपाल

विषय :- अंकसूची एवं उपाधि प्रदाय कार्य हेतु निविदा वर्ष 2023 बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है:-

| स. क. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | पत्र व्यवहार का पता | |
| 3. | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 4. | पदनाम | |
| 5. | ई-मेल | |
| 6. | दूरभाष नंबर (मोबाइल एवं लैण्डलाइन) | |

## प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3" में दर्शित शर्तो के अनुसार अंकसूची एवं उपाधि प्रदाय हेतु निविदा वर्ष 2023 को पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**





# वित्तीय निविदा प्रपत्र ए-2

| फर्म का नाम | |
|---|---|

दर प्रति नग

| स. क. | अंकसूची एवं उपाधि का विवरण निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार | दर रूपये शब्दों में | दर रूपये अंकों म |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | अंकसूची स्पेसिफिकेशन के अनुसार | | |
| 2. | उपाधि स्पेसिफिकेशन के अनुसार | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कर का नाम एवं दर | |
| 2. | कर का नाम एवं दर | |
| 3. | कर का नाम एवं दर | |

फर्म/संस्थान के अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर एवं सील